Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to solve the water drainage and water-logging problem arising out of construction of a railway underpass in Banaskantha Parliamentary Constituency -laid.

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (**बनासकांठा**): मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा जिले के अंतर्गत धानेरा तहसील, मोटा मेडा गाँव के पास LC 129 रेलवे फाटक पड़ता है जहाँ पर तीन वर्षों से रेलवे अंडरपास का कार्य चल रहा है I परन्तु उसमे से कुछ कार्यों को छोड़ दिया गया है I बारिश के मौसम में उस स्थान पर पानी और मिटटी का जमाव हो जाता है जिससे आवाजाही बिल्कुल बंद हो जाती है I मिटटी और पानी के जमाव के कारण पास के गाँव के 100 घरों का रास्ता बंद हो जाता है, एवं गाँव के लोगों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है I निर्माण के कार्यों के कारण मिटटी जमा रहती है इसलिए बारिश आने के समय नाले बंद हो जाते हैं और सारा मार्ग बंद हो जाता है I इसलिए मेरा मंत्री जी से आग्रह है की उस स्थान पर नालों में से पानी की निकासी की व्यवस्था हो और बारिश में जल जमाव न होने पाए इसके लिए उस स्थान पर शेड का निर्माण किया जाये जिससे की रास्ते में अवरोध उत्पन्न न हो और गाँव के लोगों की आवाजाही सुगम बनी रहे I